# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न

## 6 मार्च, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### एक नए बस स्टैंड का निर्माण करना

***121 श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि महम का बस स्टैंड जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा हल्की बारिश होने पर भी बस स्टैंड परिसर में जल भराव हो जाता है जिसके कारण यात्रियों को गंभीर असुविधा होती है तथा दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है;

ख) क्या महम बस स्टैंड की वर्तमान स्थिति के संबंध में सरकार द्वारा कोई निरिक्षण करवाया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

ग) क्या महम में एक नया बस स्टैंड का निर्माण करने या मौजूद बस स्टैंड का पुनर्निर्माण/अपग्रेड करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

घ) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव पर अब तक सरकार द्वारा क्या प्रगति की गई है तथा इसके लिए स्वीकृत राशि कितनी है तथा उपरोक्त बस स्टैंड का विकास कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; तथा

ड) यदि नहीं, तो यात्रियों की सुविधा तथा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जाने की संभावना है ?

----

## कीटनाशकों तथा उर्वरकों के नमूनों का ब्यौरा

***122 श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) 01.01.2025 से 25.01.2026 की अवधि के दौरान जिला फतेहाबाद में कृषि अधिकारी द्वारा कीटनाशक, कृषि-औषधि, उर्वरक एवं बीज विक्रय करने वाली कितनी दुकानों का निरीक्षण किया गया है;

(ख) उपरोक्त अवधि के दौरान मानकों के अनुरूप पाए गए (पास) नमूनों की संख्या कितनी है तथा मानकों के अनुरूप न पाए गए (फेल) नमूनों की संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) नमूने फेल पाए गए मामलों में डीलरों/दुकानों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना

***123 श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा नगर पालिका क्षेत्रों से बाह्य क्षेत्रों में अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबंधन (विशेष उपबंध) अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के अंतर्गत, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग (डी.टी.पी.) ने अब तक कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में केवल एक आवासीय कॉलोनी अर्थात् एच.डी.एफ.सी. कॉलोनी (75.8 एकड़ क्षेत्रफल वाली) को ही नियमित किया है;

ख) क्या यह भी एक तथ्य है कि नाहड सड़क, नठेड़ा सड़क पर शिव कॉलोनी, आस्था कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, नई बस्ती तथा इसी तरह साल्हावास सड़क पर विश्वकर्मा कॉलोनी तथा आदर्श नगर जैसी कई बड़ी बस्तियां कोसली रेलवे स्टेशन के पास ग्राम पंचायत भाकली-2 के अधिकार क्षेत्र में पहले ही विकसित हो चुकी हैं, जहां सैकड़ों मकानों का निर्माण हो चुका है, फिर भी ये बस्तियां अभी तक अनियमित हैं;

ग) क्या कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत उपरोक्त कॉलोनियों को उचित कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

घ) यदि हां, तो इन कॉलोनियों के कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

----

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा प्रदान करना

*124 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) हरियाणा कौशल रोजगार निगम के ऐसे कर्मचारियों को, जो 15 अगस्त, 2025 तक 5 वर्ष का सेवा काल को पूरा कर चुके हैं या 15 अगस्त, 2026 तक 5 वर्ष की सेवा काल को पूरा करने वाले हैं, सेवा सुरक्षा अधिनियम, 2024 के अंतर्गत नौकरी की सुरक्षा प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## स्पोर्ट्स स्टेडियमों का नवीनीकरण तथा मरम्मत

*125 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में स्पोर्ट्स स्टेडियमों के नवीनीकरण तथा मरम्मत की आवश्यकता है;

(ख) उपरोक्त स्टेडियमों की अवसंरचना का नवीनीकरण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) उपरोक्त स्टेडियमों में कर्मचारी, अमले तथा प्रशिक्षकों की स्टेडियम-वार स्वीकृत तथा वर्तमान संख्या कितनी है?

----

## खाली पड़ी सरकारी भूमि का उपयोग करना

*126 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मिल्क प्लांट सड़क, बल्लभगढ़ पर डी.ए.वी. स्कूल के साथ स्थित खाली पड़ी सरकारी भूमि का उपयोग करने के लिए सरकार द्वारा कोई विशेष योजना बनाई गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## गांव स्थानांतरित करना

*127 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर स्थित दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली राख के कारण रतनपुरा गांव गंभीर प्रदूषण की समस्या का सामना कर रहा है; तथा

ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त गांव को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसे कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

----

## बंद हुई पेंशनों को बहाल करना

*128 **श्री उमेद सिंह(बाढड़ा ) :**
**श्री निर्मल सिंह मोहडा(अंबाला शहर) :**

क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि बुढ़ापा पेंशन के लिए पात्रता निर्धारित करते समय परिवार की आय सम्मिलित करने के कारण कई वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन बंद हो गई है जिसके कारण उन्हें आर्थिक कठिनाईयां हो रही हैं; तथा

ख) क्या इन वरिष्ठ नागरिकों की बंद हुई पेंशन को बकाया तथा ब्याज के साथ बहाल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पेयजल में उच्च टी.डी.एस की समस्या का समाधान करना

*129 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गावं स्याहड़वा, नलवा, दाहिमा, गुंजार, भोजराज, बालावास, मंगाली, हरिकोट, कैमरी, गंगवा, आर्यनगर, हिंदवान, लुदास, शाहपुर, न्योली, मात्रश्याम, चिडौद, टोकस तथा पातन में भूजल स्तर सामान्य स्तर से ज्यादा हो गया है जिसके कारण इन गावों में पेयजल में टी.डी.एस का

स्तर काफी बढ़ गया है; तथा

ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त गावों में पेयजल में उच्च टी.डी.एस की समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नालों को री-मॉडल/पुनः निर्मित करना

*130 **श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि सरकार की नीति के अनुसार नालों को उनके निर्माण के कम से कम 20 वर्षों की अवधि के बाद पुनः निर्मित किया जा सकता है;

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में वर्ष 2019 के बाद री-मॉडल /पुनः निर्मित किए गए नालों की संख्या कितनी है तथा उन नालों की संख्या कितनी है जो वित्तीय वर्ष 2026-2027 में रीमॉडलिंग या पुनः निर्मित किए जाने के लिए सरकार के विचाराधीन है; तथा

ग) उपरोक्त नालों के रीमॉडलिंग या पुनः निर्मित कार्य को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## जिला पुस्तकालय का निर्माण करना

*131 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार रेवाड़ी जिले में एक जिला पुस्तकालय का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## सीवरेज युक्त दूषित जल के स्त्राव को रोकना

*132 **श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना तथा जींद से सीवरेज युक्त दूषित जल ड्रेनों के माध्यम से सुंदर ब्रांच नहर में डाला जा रहा है; तथा

ख) उपरोक्त समस्या की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## ट्रॉमा सेंटर स्थापित करना

*133 **श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या पलवल तथा बल्लभगढ़ के बीच एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण करना

*134 **श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या करनाल से यमुनानगर तक वाया नेवल, चोगांव, गढ़ी बीरबल तथा बडगांव सड़क के पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## दोषी अधिकारियों तथा ठेकेदारों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई

*135 **श्री देवेन्द्र हंस (गुहला):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि बी.डी.पी.ओ कार्यालय चीका के परिसर में पंचायत समिति की दुकानों का नया निर्माण तथा विस्तार के कार्य को केवल "नवीनीकरण/मरम्मत" के लिए विशेष तौर पर स्वीकृत एक निविदा के अंतर्गत किया गया था;

ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि विभाग द्वारा जारी वर्क आर्डर में गलती से दुकानों के आकार का विस्तार शामिल था, जो सीधे तौर पर निविदा की मूल प्रशासनिक

स्वीकृति तथा तकनीकी मंजूरी के विपरीत था;

ग) क्या यह भी तथ्य है कि स्थानीय विधायक के दखल तथा काम रोकने के आदेश के बावजूद भी निर्माण कार्य लगातार पूरा होता रहा था;

घ) क्या सरकार इस प्रत्यक्ष अनियमितता तथा संभावित भ्रष्टाचार की स्वतंत्र जाँच कराने की मंशा रखती है; तथा

ङ) इस मामले में शामिल दोषी अधिकारियों तथा ठेकेदार के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित है?

----

## गेट का निर्माण कार्य पूरा करना

*136 **श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि शाहबाद में बराडा सड़क पर बाबा बंदा सिंह बहादुर गेट का निर्माण कार्य काफी समय से अधूरा पड़ा है;

ख) यदि हां, उपरोक्त गेट का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के माध्यम से ट्यूबवैल ऑपरेटर के रिक्त पदों को भरना

*137 **श्री योगीन्द्र सिंह राणा (असंध):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हुए सार्वजनिक ट्यूबवेल जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नियंत्रण में है, परंतु वर्तमान में ट्यूबवेल ऑपरेटर की भर्ती तथा मजदूरी/वेतन का भुगतान पंचायती राज विभाग द्वारा वहन किया जाता है, जिसके कारण रिक्त पदों को भरने में 6 महीने या उससे अधिक की अनावश्यक देरी होती है, जिससे पेयजल की आपूर्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है; तथा

(ख) क्या सरकार ट्यूबवैल ऑपरेटरों की भर्ती, चयन, प्रशासनिक नियंत्रण तथा वेतन का भुगतान की पूरी जिम्मेवारी जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सौंपने का विचार कर रही है, ताकि रिक्त पदों को समय पर भरा जा सके तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति निर्बाध एवं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जा सके?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

***138 श्री नरेश सेलवाल ( उक्लाना):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या उकलाना मंडी के दोनों ओर बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त बाई-पास का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की सम्भावना है?

----

## नवीनीकरण तथा खेल सुविधाओं का विस्तार

***139 श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोनीपत में सुभाष स्टेडियम का आधुनिकरण, नवीनीकरण तथा खेल सुविधाओं का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना

***140 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में तेजी से हो रहे औद्योगिक विकास के बावजूद, क्षेत्र में स्थापित निजी कंपनियां, विशेषकर ऑटो-लीफ़, डेंसो, सुज़ुकी, टी.सी.आई, अंबर, इत्यादि स्थानीय लोगों से जमीन खरीदने के बावजूद, 50 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दे रही हैं; तथा

ख) क्या ऐसी फैक्ट्रियों में 50 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के संबंध में सरकार द्वारा कोई प्रावधान या नियम बनाया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----